भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय

विकास आयुक्त (सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम)

एमएसएमई-विकास कार्यालय, इंदौर

विक्रेता विकास कार्यक्रम सह औद्योगिक प्रदर्शनी

दिनांक 18–19 फरवरी, 24

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास कार्यालय, इंदौर (एमएसएमई मंत्रालय भारत सरकार) के द्वारा केन्द्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों एवं औद्योगिक संगठनों के सहयोग से दिनांक 18–19 फरवरी 2024 को 02 दिन का विक्रेता विकास कार्यक्रम सह औद्योगिक प्रदर्शनी (वेण्डर डेवलपमेंट प्रोग्राम) का आयोजन चैम्बर भवन सनातन धर्म मंदिर रोड, लश्कर, ग्वालियर, मध्य प्रदेश में किया जा रहा है । इस प्रदर्षनी में विभिन्न सरकारी विभागों, सरकारी उपक्रम (पीएसयूएस) जिनमें **गैस अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया लिमिटेड- गुना, इंडियन आयल कारपोरेशन लिमिटेड- मुंबई, आयल एंड नेचुरल गैस- मेहसाना- गुजरात, नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड- गुना, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड- भोपाल, सीएसआईआर- एम्प्री. भोपाल, स्मॉल इंडस्ट्री डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया (सिडबी), म प्र लघु उद्योग निगम भोपाल** शामिल हो रहे हैं ।

यह प्रदर्षनी उन सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को अपने विपणन आधार का विस्तार करने तथा नए विपणन के अवसरों को खोजने का अवसर प्रदान करती है, जो निर्माण तथा सेवा क्षेत्र में अपनी सेवाए केन्द्र सरकार / केन्द्रीय मन्त्रालय / सरकारी विभागों तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयूस) को प्रदान करने में सक्षम है ।

अन्य गतिविधियाँ :-

सीपीयूएस/ सरकारी विभागों एवं सूक्ष्म और लघु उद्योगों की पारस्परिक बैठक आयोजित की जाएगी जिसमें पीएसयूस अपने वेण्डर रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी प्रदान करेंगे । कार्यक्रम में जेम पोर्टल पर रजिस्ट्रेषन, पब्लिक प्रोक्योरमेंट पॉलिसी , केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं पर भी विस्तृत चर्चा विषय विषेषज्ञों द्वारा की जाएगी।

विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क: अनुज्ञा हण्डू, वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी
मो: 8518065599

आयोजक:

संयुक्त निदेशक, एमएसएमई-विकास कार्यालय, इंदौर

10, पोलोग्राउंड, इंदौर (म.प्र)